

### कांग्रेस का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में संगठन की मजबूती और एकजुटता का पाठ पढ़ रहे पदाधिकारी

# जनहित के मुद्दों पर लड़ना होगा तभी सार्थक परिणाम आएंगे सामने : नकुलनाथ

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त. नरसिंहपुर रोड स्थित अग्रवाल पैलेस लॉन में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में जिला कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना के पदाधिकारी सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ शामिल हुए।**

आयोजन के दौरान पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कहा कि नौजवान अपने अधिकारों और भविष्य को लेकर आंदोलित हो रहे हैं, क्योंकि सरकार रोजगार उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल हैं। जो सरकार किसी की बात सुनने को तैयार नहीं होती वह तानाशाही युवाओं के संगठित आंदोलन के सामने झुकी, समझने वाली बात यह है कि संगठित होकर जनहित के मुद्दों पर लड़ना होगा, संघर्ष करना होगा तभी सार्थक परिणाम सामने आएंगे। लाड़ली बहना योजना का तोड़ हमें निकालना होगा, सच्चाई बहनों व जनता के बीच लेकर जाने की जिम्मेदारी हमारी है। भाजपा ने तीन हजार का वादा किया था, दो साल तक राशि नहीं बढ़ाई फिर महज 300 रुपए बढ़ाए। विगत दो वर्षों में हजारों बहनों के नाम इस योजना से काट दिए गए, इसकी सम्पूर्ण सूची लेकर जनता के बीच पहुंचकर यह बताना होगा कि भाजपा बहनों को गुमराह कर रही है। किसान खाद और बीज और उपज का उचित मूल्य पाने के लिए भटक रहे हैं, पेट्रोलियम पदार्थों के बढ़े हुए दाम, महंगाई हर घर और महिलाओं के चूल्हे तक पहुंच चुकी है। स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक आदिवासी भाइयों की भूमि खरीदी फरोख्त और जमीन कन्वर्ट करने का काम सत्ता और शासन के संरक्षण में चल रहा है। भाजपा मंदिर से चंदा चोरी, पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में घोटाला कर रही है। अंत में उन्होंने कहा कि पार्टी की नींव बूथ और मंडलम होते हैं, हमारा सबसे अधिक फोकस इन्हीं पर है।

### देश को बचाना है तो कांग्रेस का लाना होगा : जीतू पटवारी




प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में सभी को यह संकल्प लेना है कि नकुलनाथ को पांच लाख वोट से विजयी बनाना है। देश को बचाना है तो कांग्रेस को लाना होगा। भाजपा सरकार पेट्रोल में एथेनॉल मिलाकर जनता को धोखा दे रही है। भाजपा सरकार को चंदा चोरी पर घेरते हुए कहा कि भगवान के नाम पर राजनीति करने वाले चंदा चोरी पर आ गए हैं। भ्रष्टाचार, घोटाले और घपलों से इनका पेट नहीं भरा तो इन्होंने मंदिर का चंदा चुराया। यह बात समझने और समझाने वाली है कि जो पार्टी भगवान का चंदा चुरा सकती है वह क्या-क्या चुरा रही होगी। चोरी का कोई स्तर और पैमाना शेष नहीं रहा जिसे भाजपा ने पूरा ना किया हो। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजन से कहा कि यह कमलनाथ का जिला है इसीलिये यह चोरी से बचा हुआ है, लेकिन आदिवासी भाइयों की जमीन खरीदी फरोख्त तो यहां भी भाजपा के संरक्षण में ही चल रही है।

### कमलनाथ ने छिंदवाड़ा मॉडल पूरे देश को दिया : हरीश चौधरी

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा संगठन का मॉडल फिर विकास का मॉडल और औद्योगिक मॉडल पूरे देश को दिया है। पंद्रह माह की सरकार में प्रशासनिक मॉडल भी तैयार किया और उसे जमीनी स्तर पर लागू भी किया, लेकिन यह बात भाजपा को नहीं पची, वह समझ चुकी थी कि अगर कमलनाथ पूरे पांच साल सीएम रहेंगे तो प्रदेश और देश में कांग्रेस का माहौल तैयार हो जाएगा। इसीलिये उन्होंने षड्यंत्र से सरकार गिरा दी। कमलनाथ ने समय से आगे छिन्दवाड़ा का विकास किया, आज यह जो कुछ भी दिखाई दे रहा है इसके पीछे उनकी सतत विकास की सोच है।

## हनी ट्रेप भांडा फोड़ : दो महिला सहित तीन युवक गिरफ्तार

### बंद कमरे में बुलाकर की मारपीट, अश्लील वीड़ियों बनाकर मांगे थे 5 लाख रुपए



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त.शहर के देहात थाना क्षेत्र अंर्तगत हनी ट्रेप से जुड़ा मामला सामने आया है। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें दो महिलाएं और तीन पुरूष शामिल है। सोमवार को पुलिस ने गिरफ्त में आए तीनों युवकों का जुलूस निकाल सभी आरोपियों** को न्यायलय में पेश किया है।

देहात थाना प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी कोयलांचल के रहने वाले है। इनमें से दो ऐसे है जिनके खिलाफ अन्य थानों में जुआ मारपीट और धोकाधड़ी के पहले से अपराध दर्ज है। इस मामले प्राथी के आवेदन पर पुलिस ने उसकी पहचान को उजागर नहीं किया है। पकड़े गए आरोपियों में चांदामेटा निवासी नुरूल हसन पिता तजम्मुल हसन 35 वर्ष, इकलेहरा निवासी तनवीर उल्ला पिता तस्कीर उल्ला 45 साल, बडकुही निवासी संदेश सोनी पिता स्व महेश सोनी, 40 साल के अलावा दो महिलाएं भी शामिल है। पुलिस ने बीएनएस की अलग अलग धाराओं के तहत अपराधियों को पकडक़ पर अंजाम तक पहुंचा दिया है।

### वारदात को दिया अंजाम

बताया जा रहा ह कि पुलिस ने जो दो महिलाओं को हिरासत में लिया है उनमें एक महिला से फरियादी की जान पहचान थी उसी ने फरियादी को छिंदवाड़ा के देहात थाना स्थित गुरैया मार्ग के एक मकान में बुलाया था। जब फरियादी वहां पहुंचा तो प्री प्लान के तहत महिला और उसके साथियों ने युवक को ब्लैक मेल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने मकान पर बुलाए गए फरियादी को पहले डराया धमकाया और उसके बाद कपड़े उतरवाकर उसका अशलील वीडियों तैयार कर लिया। साथ ही वीडियों वायरल करने की धमकी देते हुए पांच लाख रूपए की डिमांड कर दिया। रकम न देने पर रेप केस में फसाने की धमकी भी दी जा रही थी। वहां से निकलने के बाद फरियादी ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।

### तुरंत मामले की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने फरियादी की शिकायत दर्ज करने के बाद जब मामले की तफ्तीश की तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। इस दौरान पुलिस ने एक के बाद एक सभी पांच आरोपियों को गिरफ्त में ले लिया। आरोपियों के पास से घटना से संबंधित सबूत भी मिले है। विवेचना के दौरान आरोपियों ने अपराध को अंजाम देना भी पुलिस के समक्ष कुबूल कर लिया है।

### वृहद् पौधारोपण एवं नशा मुक्ति अभियान का हुआ आयोजन

**छिंदवाड़ा.** उद्यानिकी महाविद्यालय में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद् पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के विषय में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान तृतीय वर्ष के छात्रों ने एक पेड़, एक जन्मदिन का संकल्प लेते हुए अशोक, आंवला, जामुन, नागपुरी संतरा, जम्बेरी, नींबू आदि के पौधों का पौधारोपण किया। साथ ही नशा मुक्ति युवा विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने माय भारत पोर्टल पर अपना पंजीयन कर ई-सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

## नगर निगम ने जर्जर भवन की दीवार की ध्वस्त

### बाजारों में रोको-टोको अभियान चलाकर दी अतिक्रमण हटाने की हिदायत




नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त. नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु निगम प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।**

इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त चंद्र प्रकाश राय के आदेशानुसार वार्ड क्रमांक 27 में स्थित जर्जर भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई तथा शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में अतिक्रमण रोधी अमले द्वारा रोको-टोको अभियान चलाया गया। वार्ड क्रमांक 27 में श्रीमती लक्ष्मी बाई पति स्वर्गीय गणेश लाल चौरसिया का अत्यंत जीर्ण-शीर्ण, क्षतिग्रस्त एवं जर्जर स्थिति में स्थित भवन जनहानि की संभावना को जन्म दे रहा था। सुरक्षा के दृष्टिगत निगम की टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर खतरनाक दीवार को हटाने की कार्रवाई संपन्न कराई गई। यह कार्रवाई कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, संबंधित वार्ड उपयंत्री एवं अतिक्रमण निरोधक दस्ते की उपस्थिति में की गई। इसके अतिरिक्त, एम.एल.बी. स्कूल के सामने सड़क पर हाथ ठेला लगाने वाले फुटकर व्यापारियों को सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। वहीं, शहर के मुख्य फव्वारा चौक से गोल गंज तक सार्वजनिक मार्ग एवं फुटपाथों पर वाहनों व दुकानों द्वारा किए जाने वाले अतिक्रमण को रोकने के लिए अनाउंसमेंट के माध्यम से चेतावनी जारी की गई। दुकानदारों को स्पष्ट किया गया कि यदि पुनः सड़क या फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण किया गया तो जब्ती की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात कारण जहर का सेवन करने से युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उमरिया में एक 22 वर्षीय युवक द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने का मामला सामने आया है। जहर के प्रभाव से तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उमरिया निवासी भारत पिता सीताराम 20 वष्र ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ गटक लिया। कुछ ही देर में जब उसे लगातार उल्टियां होने लगीं और हालत बिगड़ने लगी, तब परिजनों को घटना की भनक लगी। गंभीर अवस्था में उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल की सूचना पर पहुंची कुंडीपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के पश्चात देह स्वजनों को सौंप दी। युवक ने यह आत्मघाती कदम किस वजह से उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## 11 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा देशभक्ति के रंग में रंगेगा छिंदवाड़ा

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त. देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत 11 अगस्त को जिला स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।**

तिरंगा यात्रा के सह संयोजक धर्मेंद्र मिगलानी ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद विवेक बंटी साहू, महापौर विक्रम अहके, विधायक कमलेश शाह सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, व्यापारी संगठनों, युवा संगठनों, महिला संगठनों, किसान संगठनों, सेवा एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, सांस्कृतिक संगठनों, खेल संगठनों, कर्मचारी संगठनों, अधिवक्ता संगठनों, चिकित्सक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों की भी सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम सहसंयोजक अभिषेक वर्मा ने बताया कि अभियान के अगले चरण में 12 अगस्त को विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा।आनंद निन्ना शुक्ला शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करेगी।

## प्रथम ज्योतिर्लिंग बाबा सोमनाथ जी का हुआ रुद्राभिषेक

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त.** स्थानीय अनगढ़ हनुमान मंदिर में सावन माह के दूसरे सोमवार को विश्व के प्रथम ज्योतिर्लिंग गुजरात में विराजमान बाबा सोमनाथ जी का रुद्राभिषेक परम पूज्य महामंडलेश्वर नागेन्द्र ब्रह्मचारी के सानिध्य में विद्वत ज्ञानी जन ब्राह्मणों के द्वारा शाम 6 बजे से विधिवत मंत्रोच्चारणों बम बम भोले हर हर महादेव के जयघोष के साथ ढोल नगाड़ों करतल ध्वनि के साथ देश की पावन नदियों, तीर्थों के जल से किया गया।



भगवान की आरती कर महाप्रसाद का वितरण हुआ जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया प्रातः काल प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 30 नर्मदेश्वर शिवलिंगों का भी अभिषेक किया जा रहा है।

## खाद चोरी करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त. देहात थाना पुलिस ने ग्राम भैसादण्ड में हुई यूरिया और खाद चोरी के मामले का महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी समेत कुल चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोटरसाइकिल और चोरी गई खाद बरामद कर ली है।**

जब्त किए गए कुल मशरूके की कीमत 56,500 रुपये आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम भैसादण्ड निवासी पीड़ित संजय यदुवंशी (45) ने 8 अगस्त को देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि 6 और 7 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने खेत में बने मकान का ताला तोड़कर वहां रखीं 2 बोरी यूरिया और 5 बोरी एनपीके खाद पार कर दी थी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4) व 305( I) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 10 अगस्त को पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपियों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने 6 अगस्त की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच ताला तोड़कर खाद चोरी की थी। वारदात के दौरान बाइक एमपी 28 एनडी 8780 का इस्तेमाल किया था। इस मामले में आकाश भलावी 36 वर्ष निवासी झाड़ीढाना भैसादण्ड, अंशुल मर्सकोले 22 वर्ष निवासी झाड़ीढाना भैसादण्ड, अरूण मर्सकोले 34 वर्ष निवासी झाड़ीढाना भैसादण्ड और रामनाथ देवरे 30 वर्ष खरीदार निवासी झाड़ीढाना भैसादण्ड को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 45 हजार रुपये कीमत की लिवो मोटरसाइकिल और 11 हजार 500 रुपये की यूरिया व एनपीके खाद जब्त की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अरूण मर्सकोले पर पूर्व में अवैध शराब परिवहन और आकाश भलावी पर मारपीट के मामले दर्ज हैं।

## अनियंत्रित होकर बाइक दीवार से टकराई, युवक की मौत



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त. मोहखेड़ मार्ग पर पालखेड गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लावाघोघरी निवासी सागर पिता महेश दिकू के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सागर एक युवती के साथ बाइक से घूमने निकला था।**

इसी दौरान पलखेड़ गांव के पास अचानक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए नजदीकी जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर शव का पंचनामा बनाया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से युवक की मौत

उमरेड थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आसान पिता लिखी राम, निवासी डोलन खापा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक की ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## जिले में अभी तक 567.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, 10 अगस्त.** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 567.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 622.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 10 अगस्त 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 42.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 10 अगस्त 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 19.4, मोहखेड़ में 35.1, तामिया में 80, अमरवाड़ा में 29.4, चौरई में 4.6, हर्रई में 133.6, बिछुआ में 12.8, परासिया में 41.4, जुन्नारदेव में 57.4, चांद में 2.6 और उमरेठ में 54.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 349.2, मोहखेड़ में 435.9, तामिया में 602.2, अमरवाड़ा में 586.8, चौरई में 632, हर्रई में 749.7, बिछुआ 461.5, परासिया में 419.9, जुन्नारदेव में 567.4, चांद में 645.5 और उमरेठ में 650.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## शुक्रवार के दिन सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र का करे भ्रमण : श्री नारायन

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सीएम जन - विश्वास अभियान के प्रभावी निराकरण पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 10 अगस्त. कलेक्टर ने सभी समीक्षा बैठक में अधिकरियों को जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के जिले में प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।**

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले से निर्धारित रोस्टर के अनुसार अगला क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम शुक्रवार 14 अगस्त को तामिया विकासखंड के छिंदी में आयोजित किया गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को इस शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और आमजन की अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि शुक्रवार को जिला अधिकारियों की तरह ही सभी एसडीएम और अन्य सभी ब्लॉक लेवल अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र के भ्रमण पर रहें और अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक सीएम हेल्पलाइन शिकायत को स्वयं देखें और पूरी गंभीरता के साथ आवेदकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम जन विश्वास अभियान का लोक सेवा गारंटी अधिनियम एक महत्वपूर्ण घटक है, अधिनियम के तहत सेवा प्रदायगी पूरी जवाबदेही के साथ निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए। एक भी प्रकरण समय सीमा बाह्य नहीं होने चाहिए। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति, शासन के प्राथमिकता वाले कार्यों एवं अन्य समय-सीमा प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं मुख्यालय स्तर के अधिकारी सभाकक्ष में उपस्थित थे, जिले के अन्य सभी एसडीएम एवं खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।













स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589